(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्रीमती जहानआरा जयपाल सिंह)** : (क) और (ख). यह सच नहीं है कि जनवरी, 1969 के दूसरे सप्ताह में नई दिल्ली के एक होटल में खजुराहो मन्दिरों की कुछ मूर्तियां मिली थीं। किन्तु 17 जनवरी, 1969 को छतरपुर पुलिस ने राजनगर जिला छतरपुर, मध्य प्रदेश के पुलिस स्टेशन के एक मामले में, जहां 1000 रुपये मूल्य की एक देव प्रतिमा की चोरी हो गई थी, नई दिल्ली के वाई० एम० सी० ए० टूरिस्ट होटल के प्रबन्धक को गिरफ्तार किया था। प्रबन्धक को, दक्षिण नई दिल्ली के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया था और इस आदेश के साथ उन्हें ज़मानत पर रिहा किया गया था कि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट छतरपुर की अदालत में 27 जनवरी, 1969 को पेश हों। इस सम्बन्ध में, भारत सरकार के पर्यटन बंगलो, खजुराहो के प्रबन्धक को भी, 25 जनवरी, 1969 को गिरफ्तार किया गया था। चोरी गई मूर्ति को उससे हासिल कर लिया गया है। अभियुक्तों पर मुकदमा चलाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय अनुशासन योजना

2181. **श्री भोला नाथ मास्टर** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनरल भोंसले द्वारा आरम्भ की गयी राष्ट्रीय अनुशासन योजना में उसके आरम्भ से लेकर उसके समाप्त होने तक कितनी राशि व्यय की गयी तथा उस योजना को समाप्त करने के क्या कारण थे ;

(ख) उस योजना की मोटी रूपरेखा क्या है जो उस योजना के स्थान पर बनाई जा रही है ; और

(ग) राजस्थान के अलवर जिले के सारिस्का सेंटर में इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण देने के लिए बनायी गयी इमारतें तथा नियुक्त किये गये कर्मचारियों का किस प्रयोग के लिए उपयोग किया जायगा ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क) और (ख). कुंजरू समिति द्वारा की गयी निम्नलिखित सिफारिशें हैं कि स्कूल स्तर पर शारीरिक शिक्षा का एक समेकित कार्यक्रम भी होना चाहिए, जो शैक्षिक प्रणाली से पूर्णरूप से गुंथा हुआ हो और उन विभिन्न कार्यक्रमों को पुन: स्थापित किया जाना चाहिए जो उस समय चालू थे अर्थात् शारीरिक शिक्षा राष्ट्रीय अनुशासन योजना (एन० डी० एस०), और सहायक केडिट कोर (ए० सी० सी०)भारत सरकार ने राष्ट्रीय अनुशासन योजना को समाप्त कर दिया है।

शारीरिक शिक्षा के समेकित कार्यक्रम के मुख्य विषय जो 1965-66 से चालू हैं :

1. व्यायाम पट्ट
2. ड्रिल तथा कवायद
3. लेजिम
4. जिम्नास्टिक/लोक नृत्य
5. प्रमुख खेल ; गौण खेल तथा दुफंदी बांध
6. ट्रैक एण्ड फील्ड इवेन्ट्स ; परीक्षण तथा पैदल सैर
7. कामबैटिक्स
8. राष्ट्रीय आदर्श तथा सुनागरिकता, व्यावहारिक प्रायोजनाएं और सामुदायिक गान।

लड़के तथा लड़कियों के लिये अलग-अलग चौथी श्रेणी से XI तक सभी स्तरों पर उपयुक्त आवधिक नियंत्रित कार्यक्रम विकसित किए गए हैं। राज्यों के स्कूलों के शिक्षकों और राष्ट्रीय अनुशासन योजना के प्रशिक्षकों को उपर्युक्त कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए अनुस्थापित किया गया था।

स्वर्गीय जनरल भौंसले की राष्ट्रीय अनुशासन योजना पर 1958 से अक्तूबर, 1965 तक खर्च की गई कुल रकम 517.26 लाख रुपये है।

(ग) सरिस्का केन्द्र पर केन्द्रीय संस्थान का इरादा राष्ट्रीय अनुशासन योजना के प्रशिक्षकों को अनुस्थापन करने का था। राज्यों में राष्ट्रीय अनुशासन योजना के प्रशिक्षकों के नियंत्रण के विकेन्द्रीकरण के सरकार के निर्णय के साथ, सरिस्का केन्द्र को बन्द कर दिया गया है और उस भवन को केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस ने ले लिया है। केन्द्र पर नियोजित अनुदेशात्मक कर्मचारियों का प्रादेशिक कार्यालयों के स्थानान्तरण कर दिया गया है जहां से उन्हें प्रारम्भ में लिया गया था, प्रशासनिक कर्मचारियों की राष्ट्रीय स्वस्थता दल निदेशालय, दिल्ली को बदली कर दी गई है।

## राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण

2182. **श्री भोलानाथ मास्टर :** क्या नौवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य संतोषजनक ढंग से हो रहा है;

(ख) 1968-69 में सड़कों के निर्माण के लिये कितनी राशि नियत गई थी और क्या यह इस बारे में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खर्च की गई है ; और

(ग) क्या उनके मन्त्रालय का विचार आगामी वर्ष 1966-70 में इस कार्य के लिये अतिरिक्त राशि नियत करने का है ?

**संसद-कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री इकबाल सिंह):** (क) से (ग). राज्य सरकार के अनुरोध पर चालू वर्ष में इन सड़कों के लिये कुल 746 लाख रुपये की राशि नियत की गई थी। बाद में राज्य सरकार ने सूचित किया कि केवल 556.12 लाख रुपये की राशि के व्यय किए जाने की सम्भावना है क्योंकि मूल मांग में कुछ ऐसी सड़कों के निर्माण कार्य शामिल थे जो निम्नतर प्राथमिकता की है और जिनका निर्माण कार्य चालू वित्तीय वर्ष में अपेक्षित नहीं है। 556.11 लाख रुपये की व्यवस्था के अन्तर्गत के निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक है। 1969-70 के दौरान धन आवंटित करने का प्रश्न विचाराधीन है।

## इंडियन एयरलाइन्स को हुई हानि

2183. **श्री भोलानाथ मास्टर :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 25 प्रतिशत आय बढ़ जाने पर भी इण्डियन एयरलाइन्स को हानि हो रही है। और

(ख) यदि हां, तो इस हानि को पूरा करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री (डा० कर्ण सिंह):** (क) जी, नहीं। वास्तव में चालू वर्ष कारपोरेशन ने 69 करोड़ रुपये के लाभ का अनुमान लगाया है, जबकि लाभ के इससे भी बढ़ जाने की सम्भावना है।

(ख) प्रश्न नही उठता।

## Creation of Districts on Communal Basis

2184. SHRI S. R. DAMANI : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) the names of the States from which reports have been received by the Government of India about demands for the creation of districts on communal basis ;

(b) the States which have conceded such demands and separate districts have been created or are under creation ; and

(c) the reaction of the Government of India and the advice given by them to the State Governments ?